Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding proper resolution to railway related issues of Shirdi Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री सदाशिव किसान लोखंडे (शिर्डी): मुझे अपने संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान शिर्डी-अहमदनगर- पुणे इंटरसिटी रेल सेवा प्रारम्भ किए जाने तथा बेलापुर रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 16229 (मैसूर-सोलापुर-वाराणसी) और 1211 (पुणे-नागपुर गरीब रथ) के ठहराव दिए जाने हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं तथा इस संबंध में मैंने माननीय रेल मंत्री जी का भी पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया है कि बेलापुर रेलवे स्टेशन पर उक्त दोनों रेलगाड़ियों के ठहराव दिए जाने की सिफारिश मंडल रेलवे द्वारा बोर्ड को की गयी है, जो अभी तक लंबित है।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि शिर्डी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान रेलगाड़ी नं. 51033/51034 सांई नगर-दौंड-पुणे-मुंबई शिर्डी फास्ट पैसेंजर शुरू किए जाने की भी मांग की गई है। इस संदर्भ में भी मेरे द्वारा माननीय रेल मंत्री जी को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की रेल समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित कदम उठाए जाएं।

____